# दुनिया के बेस्ट लड़ाकू विमान को मिले दुनिया के बेस्ट पायलट





**सुखोई 30MKI ही मेरा फेवरिट रहेगाः धोनी**

धोनी ने एक अन्य ट्वीट में लिखा, 17 स्क्वॉड्रन गोल्डन ऐरोज को बहुत–बहुत बधाई देता हूं और हम सभी उम्मीद करते हैं कि राफेल अपनी सर्विस से मिराज 2000 का भी रेकॉर्ड तोड़ देगा लेकिन सुखोई 30 MKI ही मेरा फेवरिट रहेगा और लड़कों को सुपर सुखोई के अपडेट होने तक डॉगफाइट के लिए नए टारगेट मिलेंगे। बता दें एमएस धोनी क्रिकेटर होने के अलावा भारतीय सेना लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर भी हैं। बीते साल वर्ल्ड कप 2019 के बाद उन्होंने कुछ समय के लिए जम्मू–कश्मीर में अपनी सेवा दी थी।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। फ्रांस से खरीदे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफेल आज भारतीय वायुसेना में शामिल हो गए। राफेल लड़ाकू विमान औपचारिक रूप से भारतीय वायुसेना में शामिल हो गया है। पांच राफेल विमानों को अंबाला एयरबेस पर 17 स्क्वॉड्रन गोल्डन ऐरोज में शामिल किया गया है। इस मौके पर टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने भी एयरफोर्स को बधाई दी है। धोनी ने ट्विटर पर बधाई देते हुए लिखा, दुनिया के बेहतरीन फाइटर जेट्स को दुनिया के बेस्ट फाइटर पायलेट्स मिले हैं। हालांकि धोनी ने यहां यह भी बता दिया कि उनका फेवरिट को सुखोई 30MKI ही रहेगा। एमएस धोनी इन दिनों अपनी आईपीएल टीम चेन्नै सुपरकिंग्स के साथ यूएई में हैं। धोनी ने दो ट्वीट करते हुए लिखा, फाइनल इंडक्शन सेरेमनी के साथ दुनिया के बेस्ट 4.5 जेनरेशन के लड़ाकू विमान को दुनिया के बेस्ट लड़ाकू पायलट मिल गए। भारतीय वायुसेना के बेड़े में विभिन्न एयरक्राफ्ट होने से हमारी एयरफोर्स की मारक क्षमता और बढ़ेगी।

# अजहरुद्दीन ने कप्तान के रूप में सौरभ गांगुली को तैयार किया

**क्रिकेट**

## पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने मोहम्मद अजहरुद्दीन की तारीफ की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने मोहम्मद अजहरुद्दीन की तारीफ की है। लतीफ ने कहा है कि अजहरुद्दीन को सौरभ गांगुली के भीतर लीडरशिप क्वॉलिटी विकसित करने का काफी श्रेय जाता है। और इसी परंपरा में भारतीय क्रिकेट को महेंद्र सिंह धोनी जैसा कप्तान हासिल करने में मदद की।

हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले पूर्व कप्तान डै धोनी की तारीफ करते हुए लतीफ ने 90 के दशक में अजहरुद्दीन द्वारा विकसित किए गए कल्चर के बारे में बात की। यूट्यूब चैनल कॉट बिहाइंड में कहा, मैं मोहम्मद अजहरुद्दीन की बहुत इज्जत करता हूं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट की काफी लंबे समय तक सेवा किया और फिर सौरभ गांगुली जैसे कप्तान के लिए विरासत छोड़ी। सौरभ



गांगुली को कप्तान के रूप में तैयार करने में अजहर की बड़ी भूमिका थी। सचिन तेंडुलकर और राहुल द्रविड़ जैसे महान खिलाड़ी सौरभ गांगुली की कप्तानी में खेले।

गांगुली ने अपना वनडे डेब्यू 1992 में और टेस्ट डेब्यू 1996 में किया। दोनों ही मौकों पर अजहरुद्दीन ही भारतीय टीम के कप्तान थे। गांगुली ने अजहर की कप्तानी में 12 टेस्ट और 53 वनडे इंटरनैशनल मैच खेले। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज लतीफ ने कहा कि धोनी की कप्तानी में गांगुली और अजहर दोनों की कप्तानी के गुण मौजूद थे। लतीफ ने कहा कि गांगुली को कप्तान के रूप में तैयार करने काफी क्रेडिट अजहरुद्दीन को मिलना चाहिए। वहीं धोनी के करियर को तैयार में गांगुली ने अहम किरदार निभाया।

लतीफ ने कहा, मोहम्मद अजहरुद्दीन ने गांगुली को तैयार किया और धोनी ने अजहरुद्दीन और गांगुली की खूबियां लेकर आधुनिक क्रिकेट के अनुसार अपना स्टाइल तैयार किया। उन्हें अपनी टीम के मैच जीतने की खूबी में यकीन था। धोनी ने टीम में जीत की मानसिकता पैदा की। धोनी की कप्तानी के बारे में बात करते हुए लतीफ ने कहा कि धोनी एक लीडर थे। उन्होंने युवा क्रिकेटरों का समर्थन किया और उनमें आत्मविश्वास भरा।

लतीफ ने कहा, धोनी ने तीन वर्ल्ड कप खिताब जीते। कोई दूसरा कप्तान ऐसा नहीं कर पाया है। धोनी जैसे कप्तान रिस्क लेते हैं और अपनी टीम को आगे ले जाते हैं। धोनी ने युवा खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया। उसने क्रिकेटरों को अपने चरित्र के हिसाब से ढाला। इस तरह के कप्तान अपने खिलाड़ियों में आत्म–विश्वास भरते हैं।

# शाहरुख खान ने केकेआर बनाई और फिर गांगुली को टीम से हटा दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। 12 साल पहले जब आईपीएल की पहली बार शुरुआत हुई थी, तब इस लीग का पहला मैच सौरभ गांगुली की कप्तानी वाली कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला गया था। शाहरुख खान के मालिकाना हक वाली इस फ्रैंचाइजी की कमान 3 साल तक दादा (गांगुली) के हाथ में रही। हालांकि यह टीम तब कभी भी इस लीग के सेमीफाइनल तक नहीं पहुंची थी और फिर इस फ्रैंचाइजी ने सौरभ गांगुली को अपनी टीम से रिलीज कर दिया।

बॉलिवुड फिल्मों के नामचीन प्लेबैक सिंगर अभिजीत भट्टाचार्य मानते हैं कि केकेआर ने यह कदम उठाकर दादा को



डिमोरलाइज (निराश) किया था। अभिजीत भट्टाचार्य हाल ही में स्पोर्ट्स वेबसाइट स्पोर्ट्सकीड़ा के फेसबुक पेज पर इंटरव्यू दे रहे थे। बॉलिवुड की कई सुपरहिट फिल्मों में शाहरुख खान के साथ काम कर चुके अभिजीत मानते हैं कि आईपीएल भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छी लीग है, लेकिन इसमें सिर्फ भारतीय खिलाड़ी ही खेलने चाहिए विदेशी क्रिकेटर्स को इसमें नहीं चुना जाना चाहिए। सौरभ गांगुली को केकेआर से हटाने के मसले पर उन्होंने अपनी राय रखते हुए कहा, शशाहरुख खान के केकेआर बनाई और फिर सौरभ गांगुली को हटा दिया। ऐसा लगता है, जैसे वह यही करने आए थे। सौरभ गांगुली ने हमें यह दिखाया है कि क्रिकेट में एक कप्तान की क्या भूमिका होती है। लेकिन तब जैसे ग्रेग चौपल और किरण मोरे ने उन्हें हटाकर निराश किया था, इसके बाद शाहरुख ने भी यही किया उन्हें हटाकर किसी और लड़के को चुन लिया। लेकिन उन्हें डिमोरलाइज करना बहुत ही गलत था।

हालांकि भट्टाचार्य मानते हैं कि इस बार उन्हें हटाने के पीछे उनकी उम्र भी एक कारण थी, लेकिन उन्हें इस तरह हतोत्साहित नहीं करना चाहिए था।

## क्रिस गेल बन सकते हैं 1000 छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिस गेल आईपीएल 2020 में किंग्स इलेवन पंजाब का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। गेल के नाम पर क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में इतने रिकॉर्ड दर्ज हैं जो साबित करते हैं कि ये कितने खतरनाक खिलाड़ी हैं। यही नहीं आइपीएल के भी कई रिकॉर्ड्स गेल ने अपने नाम कर रखे हैं और एक बार फिर से उनके पास इस आइपीएल के दौरान टी20 क्रिकेट में एक नया इतिहास रचने का काफी अच्छा मौका है। क्रिस गेल आइपीएल में सबसे ज्यादा छक्के (326) लगाने वाले बल्लेबाज हैं और टी20 क्रिकेट में उनके नाम पर अब तक कुल 978 छक्के दर्ज हैं। अगर वो इस आइपीएल के दौरान 22 छक्के और लगा लेते हैं तो क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 1000 छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन जाएंगे। टी20 क्रिकेट में गेल सबसे ज्यादा चौके लगा चुके हैं जिसकी संख्या 1026 है। आइपीएल में अब तक सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले गेल ने इस लीग के चार सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाए हैं। साल 2011 में 44 छक्के, 2012 में 59 छक्के, 2013 में 51 छक्के और 2015 में उन्होंने 38 छक्के लगाए थे।

## न्यूज डायरी



### भारतीय क्रिकेट के पितामह रणजीत सिंहजी का जन्मदिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आज भारतीय क्रिकेट के पितामह कहे जाने वाले रणजीत सिंहजी का जन्मदिन है। आज ही के दिन साल 1872 को उनका जन्म हुआ था। उनके लिए एग्जॉटिक, प्रिंसली और पूर्व का जादू जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाता था। रणजीत सिंह का संबंध शाही घराने से था। रणजीत सिंह ऐसे राजकुमार रहे जिनकी बल्लेबाजी में टाइमिंग थी, ग्रेस था और फ्लेक्सिबिलिटी थी। उनका लेग ग्लांस कमाल था। मार्क वॉ का लेग ग्लांस कमाल होता था लेकिन जानकार कहते हैं कि वह भी कभी रणजीतसिंहजी के करीब नहीं पहुंच पाए। साल 1889 में जब महात्मा गांधी पढ़ने के लिए इंग्लैंड गए तो उनके पास तीन लोगों का रेफरेंस था। इनमें से एक नाम रणजीत सिंह के नाम भी था। दुनिया के क्रिकेट के इतिहास में रणजीत सिंह जी का नाम बहुत सम्मान के साथ लिया जाता है।

### सेमीफाइनल में सेरेना विलियम्स से भिड़ेंगी विक्टोरिया अजारेंका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। दो बार की उपविजेता बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका ने यहां जारी साल के अंतिम ग्रैंड स्लैम अमेरिका ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अजारेंका ने 16वीं सीड एलिसे मरटेंस को सीधे सेटों में मात दी। यहां ऑर्थर ऐस स्टेडियम में बुधवार को खेले गए महिला एकल के क्वॉर्टर फाइनल मैच में अजारेंका ने मरटेंस को 6–1, 6–0 से मात दी। साल 2013 के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची अजारेंका ने एक घंटे 13 मिनट में यह मुकाबला अपने नाम किया। मैच के बाद अजारेंका ने पत्रकारों से कहा, श्मुझे लगा कि आज मैंने वास्तव में खेल को बहुत सटीक रूप से अंजाम दिया। मैं वास्तव में बेहतर ढंग से आगे बढ़ रही थी। मुझे लगता है कि मैंने अच्छा खेला है। सेमीफाइनल में अब अजारेंका के सामने 6 बार की चौंपियन अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स की चुनौती होगी।

### बुमराह ने नहीं मानी थी धोनी की बात और किया वही जो उनके मन में आया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जसप्रीत बुमराह टीम इंडिया के मौजूदा दौर के सबसे बेहतरीन तेज गेंदबाज हैं। बुमराह अपनी सटीक लाइन–लेंथ व शानदार यॉर्कर के लिए जाने जाते हैं। गेंदबाजी में बुमराह का सबसे बड़ा हथियार उनका यॉर्कर ही है। अब उन्होंने एक ऐसा किस्सा शेयर किया है जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे डै धीवदप के मना करने के बाद भी उन्होंने अपने डेब्यू मैच में वही किया जो उनके मन में आया और इससे धौनी की सोच में बदलाव आया। बुमराह ने कहा कि मैंने एम एस धौनी की कप्तानी में डेब्यू किया था। उन्होंने मेरे अंदर काफी आत्मविश्वास जगाया। उन्होंने कहा कि माही के फैसले का सम्मान सभी खिलाड़ी करते हैं। बुमराह ने जब एम एस की कप्तानी मे डेब्यू किया था और पहला मैच खेल रहे थे, तो उससे पहले कप्तान ने बुमराह की गेंदबाजी ज्यादा नहीं देखी थी।

### आईपीएल 2020 एंथम को नहीं किया कॉपी, कंपोजर का दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हर बार की तरह इस बार भी इंडियन प्रीमियर लीग का एंथम रिलीज कर दिया है। इस आईपीएल एंथम को खासा पसंद किया जा रहा है, लेकिन इसी बीच एक रैपर ने एंथम के कंपोजर पर आरोप लगाया है कि उन्होंने इसके लिरिक्स को कॉपी किया है। हालांकि, अब आइपीएल 2020 एंथम के कंपोजर प्रणव अजयराव मालपे ने स्पष्ट कर दिया है कि उन्होंने कुछ भी कॉपी नहीं किया है और रैपर कृष्णा कॉल के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है कि ये 2017 के टाइटल ट्रैक देख कौन आया वापस से कुछ चुराया गया है।

आईपीएल 2020 का थीम सॉन्ग आएंगे हम वापस कोरोना वायरस महामारी को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसकी टैगलाइन है, जितना बड़ा झटका...उतनी ही मजबूत वापसी।